अयोध्या : पहली बार दीपोत्सव में दक्षिण अफ्रीका की टीमें प्रस्तुत करेंगी रामकथा

नितिन मिश्र

अयोध्या। गिरमिटिया मजदूरों के जहाजों ने करीब डेढ़ सौ साल पहले जब भारतीयों को रोजी-रोटी की तलाश में सात समंदर पार दक्षिण अफ्रीका पहुंचाया था, तब उनके साथ रामकथा भी समुद्र पार गई थी। गन्ने के खेतों में खून-पसीना बहाते मजदूरों ने परदेस की कठिन परिस्थितियों में भी रामचरितमानस की चौपाइयों और रामलीला की परंपरा को जीवित रखा। अब उसी विरासत की वापसी रामनगरी में होने जा रही है। सात नवंबर को होने वाले दसवें दीपोत्सव में पहली बार दक्षिण अफ्रीका की दो टीमें रामकथा की प्रस्तुति देंगी।



दक्षिण अफ्रीका में रामकथा की परंपरा भारतीय समाज की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को भी समेटे हुए है। डरबन में हिंदी भाषी हिंदू समुदाय रामचरितमानस के पाठ और उसकी व्याख्या की परंपरा निभाता रहा है।

भजनों से रामचरितमानस के गायन तक जीवित रही परंपरा

वहीं तेलुगु भाषी समुदाय में रामनवमी के अवसर पर भजनों और संकीर्तन आराधना की विशिष्ट परंपरा है। डरबन हिंदू मंदिर भी रामनवमी से जुड़ी धार्मिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है।

तीन सदस्यीय दल रामचरितमानस का गायन करेगा, जबकि 12 सदस्यीय टीम रामलीला का मंचन करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस ऐतिहासिक सांस्कृतिक प्रस्तुति के साक्षी बनेंगे। अंतरराष्ट्रीय रामायण वैदिक शोध संस्थान के सलाहकार आशुतोष द्विवेदी के अनुसार दक्षिण अफ्रीका में रामलीला की परंपरा का इतिहास भारतीय गिरमिटिया मजदूरों के प्रवास से जुड़ा है। वर्ष 1860 से 1911 के बीच करीब 1.52 लाख भारतीय मजदूर दक्षिण अफ्रीका के नटाल पहुंचे थे। ब्रिटिश औपनिवेशिक व्यवस्था के तहत इन मजदूरों को मुख्य रूप से गन्ने के खेतों और अन्य श्रम कार्यों के लिए ले जाया गया था। इनमें उत्तर प्रदेश, बिहार, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के लोग बड़ी संख्या में शामिल थे। कठिन श्रम, अभाव और परदेस की चुनौतियों के बीच भी उन्होंने अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को नहीं छोड़ा।

तीसरी कक्षा के बच्चे ने केजी की बच्ची को ईंट से कूचा, फ्री फायर गेम खेलने से हिंसक हुआ बच्चा

अमर उजाला ब्यूरो

पंचकूला। आठ साल के बच्चे के मस्तिष्क में क्या इतनी हिंसा भरी हो सकती है कि वह मासूम बच्ची को लात-घूंसों व ईंट से कूच कर अधमरा कर दे? आप सोच में पड़ सकते हैं, लेकिन ऐसा हुआ है पंचकूला के एक सरकारी स्कूल में, जहां तीसरी कक्षा के छात्र ने केजी की छात्रा पर कक्षा में जानलेवा हमला किया। आरोपी बच्चा मोबाइल पर फ्री फायर गेम खेलने का आदी था। घरवालों ने डेढ़ महीने पहले उससे मोबाइल छीन लिया था।



माता-पिता से पूछताछ, दो शिक्षिका निलंबित

पुलिस ने स्कूल प्रबंधन व लड़के के माता-पिता से पूछताछ की गई है। मामले में दोनों बच्चों की कक्षा अध्यापिकाओं को निलंबित कर दिया गया है। स्कूल प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

ऑनलाइन गेम्स से बदल रहा बच्चों का व्यवहार : हिंसा से भरे ऑनलाइन गेम बच्चों में संवेदनशीलता और सामाजिक समझ को कम कर सकते हैं। बच्चे खेल में बार-बार मारने और लड़ने की आदत डाल लेते हैं। यह उनके व्यवहार में भी झलकता है जैसे, दोस्तों या भाई-बहनों से झगड़ा, धैर्य खोना या असहनशील होना।

बच्ची पर हमले का सवा तीन मिनट का सीसीटीवी फुटेज वायरल है जो किसी को भी विचलित कर सकता है। वीडियो में दिखा कि छात्र ने बच्ची का सिर पहले बेंच पर मारा, फिर लात-घूंसों से वार किया और बाल पकड़कर घसीटा। बाद में ईंट से कई प्रहार किए जिससे बच्ची अचेत हो गई। घटना की जानकारी तब हुई जब ऑटो ड्राइवर बच्ची को लेने स्कूल पहुंचा। बच्ची के चाचा के मुताबिक, हमलावर बच्चे ने ही उन्हें बताया कि बच्ची कहां पर है। गंभीर रूप से घायल बच्ची को पीजीआई चंडीगढ़ में करीब 36 घंटे बाद होश आया। शिक्षा विभाग ने मामले की जांच के लिए कमेटी बनाई है। पुलिस ने बताया कि छात्र के व्यवहार व पारिवारिक पृष्ठभूमि की जांच की जा रही है।

5 सितारा होटल के स्विमिंग पूल में करंट, दो विदेशियों की मौत

बंगलूरू। बंगलूरू के पांच सितारा कॉनराड होटल के स्विमिंग पूल में शुक्रवार शाम तैरते समय करंट लगने से दो विदेशी नागरिकों की मौत हो गई। घटना होटल की तीसरी मंजिल पर बने स्विमिंग पूल में हुई। होटल प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

मरने वालों की पहचान जर्मन नागरिक अलेक्जेंडर मैक्सिमिलियन वाइस (57) व स्लोवाकियाई नागरिक जुराज होवर्ट (45) के रूप में हुई है। वाइस लुफ्थांसा एयरलाइन के चालक दल के सदस्य थे, जबकि होवर्ट आईबीएम में प्रोजेक्ट मैनेजर थे। होवर्ट शुक्रवार को होटल में परिवार के साथ ठहरने आए थे और वाइस 20 अक्तूबर से होटल में रह रहे थे। एजेंसी

■ **बचाने की कोशिश में दो घायल :** दोनों को बचाने में होटल में ठहरे अमेरिकी नागरिक मैथ्यू टेंबलिस (41) और वहां के पूल अटेंडेंट राहुल तिवारी (28) घायल हो गए। बंगलूरू पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने बताया, मृतकों में से एक की पत्नी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। स्टाफ से पूछताछ की जा रही है। चश्मदीदों के बयान भी लिए जा रहे हैं।

बंगाल की खाड़ी में बन रहा नया चक्रवाती तूफान, 3 को टकराएगा

भुवनेश्वर। आंध्र प्रदेश अभी अर्नव से मिले गहरे जख्मों से उबरा भी नहीं कि उस पर एक और चक्रवाती तूफान का साया मंडराने लगा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव क्षेत्र एक नए चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की ओर बढ़ रहा है। इसके 3 नवंबर की सुबह आंध्र प्रदेश के तट से टकराने का अनुमान है। राहत की बात यह है कि इसकी तीव्रता अर्नव के मुकाबले कम रहने का अनुमान है।

आईएमडी महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया, नए चक्रवाती

कल तट के करीब पहुंचेगा

मौसम विभाग के बुलेटिन के मुताबिक, अगले 12 घंटों में यह और तीव्र होकर दक्षिण-पूर्व व उससे सटे दक्षिण-पश्चिम व पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है। 2 नवंबर की शाम तक इसके पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में आंध्र प्रदेश तट के करीब पहुंचने का अनुमान है।

तूफान की रफ्तार 80 से 90 किमी प्रति घंटे के बीच रहने का अनुमान है, जो बढ़कर 100 किमी तक पहुंच सकती है। एजेंसी

यूपी की पहली स्लीपर वंदेभारत वाराणसी से शुरू

बुलेट ट्रेन मंजूर, काशी से दिल्ली 3.33 घंटे में

वाराणसी। काशी से दिल्ली का सफर भविष्य में सिर्फ साढ़े तीन घंटे में पूरा हो सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुलेट ट्रेन के नॉर्थ कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। इससे वाराणसी, लखनऊ, अयोध्या व आगरा समेत कई शहर जुड़ेंगे।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को बनारस स्टेशन पर यूपी की पहली और देश की दूसरी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के दौरान यह जानकारी दी। वैष्णव ने बताया कि प्रस्तावित कॉरिडोर से दिल्ली से वाराणसी की दूरी 3:33 घंटे में तय होगी। दिल्ली से आगरा 59 मिनट, कानपुर से दिल्ली 1:45 घंटे और लखनऊ से दिल्ली 2:12 घंटे में पहुंच सकेंगे। वाराणसी से पटना की दूरी भी करीब एक घंटे में पूरी होगी। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ भी उनके साथ थे। ब्यूरो



स्लीपर वंदेभारत के उद्घाटन के बाद छात्रों से मिलते वैष्णव और योगी। -अमर उजाला

5 राज्यों को जोड़ेगा नॉर्थ कॉरिडोर

■ बुलेट ट्रेन का नॉर्थ कॉरिडोर 5 राज्यों दिल्ली, यूपी, बिहार, प. बंगाल और असम को जोड़ेगा। यह कॉरिडोर दिल्ली से शुरू होकर आगरा, कानपुर, लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी को जोड़ते हुए पटना, सिलीगुड़ी होते हुए गुवाहाटी तक जाएगा।

■ इससे दिल्ली से आगरा 59 मिनट, कानपुर से दिल्ली 1:45 घंटे, लखनऊ से दिल्ली 2:12 घंटे में पहुंच सकेंगे।

वाराणसी को आठ साल में मिलीं 9 वंदेभारत, पांच राज्य जुड़े

■ वाराणसी यूपी का पहला ऐसा जिला बन गया, जहां से 9 वंदेभारत ट्रेनों का आवागमन होता है। देश की पहली वंदेभारत की उपलब्धि भी इसी के पास है। इससे पूर्व की दिल्ली, झारखंड, बिहार, मध्यप्रदेश तक कनेक्टिविटी बेहतर हुई है।

पंजाब : आप की पहली सूची में 40 विधायकों को टिकट

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) ने सबसे पहले 40 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने इस सूची में मौजूदा विधायकों पर ही भरोसा जताया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान धूरी और विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां कोटकपूरा से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, जेल में बंद संजीव अरोड़ा को लुधियाना पश्चिम से प्रत्याशी बनाया गया है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में हुई राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद इन उम्मीदवारों का एलान किया गया है। अब बाकी 77 सीटों पर उन दावेदारों की धड़कनें तेज हो गई हैं, जिनका नाम पहली सूची में नहीं आया है। आप की दूसरी सूची भी सप्ताहभर के अंदर जारी की जा सकती है। ब्यूरो

तीन स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में प्रिंसिपल की नियुक्ति न होने पर हाईकोर्ट सख्त

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने प्रदेश के तीन स्वायत्तशासी मेडिकल कॉलेजों में प्रिंसिपलों की नियुक्ति न करने पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा समेत अन्य पक्षकार अफसरों को निर्देश दिया कि वे मामले में दो सप्ताह में विस्तृत जवाबी हलफनामा दाखिल करने के निर्देश दिए हैं।

न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह आदेश डॉ सुरेश कुमार सिंह की याचिका पर दिया। इसमें याची ने कहा है कि सोनभद्र जिले समेत अन्य जिलों के स्वायत्तशासी मेडिकल कालेजों के प्रिंसिपल की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी हुआ था। इसके लिए अर्हता का दायरा भी तय था। याची ने सभी अर्हताओं को पूरा करते हुए इसमें आवेदन करने की दलील दी। कहा कि विज्ञापन के तहत कोई नियुक्तियां नहीं की गईं और अब इसके लिए नया विज्ञापन जारी किया गया है। याची ने इसे चुनौती देकर कहा कि सोनभद्र समेत तीन मेडिकल कालेजों में चयन न करने का कोई कारण नहीं बताया गया। उधर, सरकारी वकील ने कहा कि विज्ञापन में वर्णित आठ मेडिकल कालेजों में से तीन के लिए कोई उपयुक्त आवेदक नहीं पाया गया। ऐसे में, इन्हें नए सिरे से नियुक्तियों का निर्णय लिया गया और विज्ञापन जारी किया गया। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से जवाब तलब करके अगली सुनवाई 18 नवंबर को तय की है। ब्यूरो

बोरियों के बीच छिपा रखा था 6 करोड़ का गांजा

मिर्जापुर। कोतवाली देहात पुलिस ने बरकछा खुर्द तिराहा मोड़ के पास से ट्रक में नारियल और मछली के दाने की बोरियों के बीच छिपाकर ले जा रहे छह करोड़ के गांजे की खेप पकड़ी है। पुलिस ने ट्रक सवार मध्य प्रदेश निवासी गणेश केवट उर्फ रमेश और साबिर उर्फ लालू को गिरफ्तार किया है। दोनों अंतरराज्यीय तस्करी के आरोपी हैं। ट्रक से 1204 किलो गांजा जब्त हुआ है। दोनों ने बताया कि गांजा ओडिशा से लेकर आ रहे थे। मिर्जापुर, प्रयागराज, वाराणसी और आसपास के जिलों में सप्लाई की योजना थी। गांजा बिक्री की रकम आपस में बांट लेते थे। संवाद

GANDHI SHILP BAZAR (DISTRICT)
26.10.2026 TO 01.11.2026
Sponsored by: DEVELOPMENT COMMISSIONER (HANDICRAFTS) Basant Kunj, New Delhi
BAZAR FEATURES
RAMLEELA GROUND (T.P. NAGAR), DELHI ROAD, MEERUT
ENTRY FREE

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मेरठ वृत्त, लो०नि०वि०, मेरठ।

पत्रांक 4662/11 कैंपिंग (प्रा०खं०) मेरठ/2026-27 दिनांक 24.10.2026

ई-प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण)

1- महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से ... लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ... कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर धनराशि (रु. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	[illegible]	147.00	5.35	2000+360+ GST 18%= 2714.00	10 Month	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

[illegible]

अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो०नि०वि०, मेरठ। www.upgov.nic.in UPID No.-259870 Dt.-29.10.2026 अधीक्षण अभियन्ता, मेरठ वृत्त, लो०नि०वि०, मेरठ। Email-sepedmrt01@gmail.com

उजाला हाट
अमृतरस® Since 1937
HERBAL COUGH SYRUP
16 जड़ी-बूटियों का मिश्रण
खांसी, नजला व गले की खराश में उपयोगी
इम्यूनिटी बढ़ाने में सहायक
बच्चों व बुजुर्गों के लिए लाभदायक
Available at all medical stores & Amazon
ALKA TOOTH POWDER Blend of 23 Herbs
✓ दांतों का पीलापन हटाए
✓ दांत का दर्द, ठंडा गर्म से राहत
✓ मसूड़ों की सूजन एवं पायरिया में उपयोगी
✓ मसूड़ों को स्वस्थ बनाए
30 वर्षों से विश्वसनीय 100% आयुर्वेदिक
Available on amazon Trade Enquiry: 87002 36011

अमर उजाला क्लासीफाइड
विज्ञापन बुक करने के लिए कॉल करें 1800-121-1166
www.easyconnect.amarujala.com/classifiedonline
Objectionable ads? Complain to ASCI 7710012345 www.ascionline.in

आवश्यकता है

सामान्य

Requirement For B.Sc Chemistry (Inorganic) Pass Boys or Girls (One Post) & 1 Accountant. Salary Negotiable. Contact-Bhavya Hallmarking Centre, Gher Harsarandass, Sarrafa Bazar, Saharanpur 9997356819

मंदिर में सेवा करने हेतु 4-5 सेवादार चाहिए। रहना-खाना के साथ वेतन 8000/महीना। (50 वर्ष से अधिक, संपर्क ना करें) सिध्दपीठ मंशा देवी रोड, देहरादून। 7409472498

आवश्यकता है: मेरठ में नए कैफे हेतु एक कुक ... और एक आल राउंडर हेल्पर की। संपर्क करें 8449963161

सिक्योरिटी

गार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, फील्ड ऑफिसर की बिजनौर में फैक्ट्री ... हेतु। योग्यता 8वीं- स्नातक, आवास-फ्री, कैंटीन उपलब्ध, वेतन-14000 से 26000/-, जल्द ... सिक्योरिटी, #7084878386, 6386795109

टीचर्स/शिक्षक

Prahlad Singh Memorial Group of Colleges Khatauli Muzaffarnagar requires teachers in Nursing, Law, Political science and Zoology (UGC norms), Ph-9927240640, 7895491400

Deep Academy English Medium School, Meerut (Affiliated to CBSE), Urgently Required- Coordinator, TGT (Maths/ Science / Hindi), Receptionist. Call/ WhatsApp 9650388279, 9997190179

वर्कर

नौकरी दिल्ली/मेरठ, मेरठ/मेरठ, ... लखनऊ/मेरठ, ... ड्यूटी 8 घंटे, बिना इंटरव्यू 200 लड़के/लड़कियां, 12वीं पास ... टिकट काउंटर-20500 ... 7982256232

बिकाऊ

भूमि/भूखंड

Ghaziabad Property Sale Buy Renting Commercial, Industrial, Residential, Rented Property Jewar Mulja Land, Agriculture land West UP, Uttrakhand, Ganga Expressway, Shree Siddhivinayak Real Estates Agarwal-9899920299

7.5 ACRE FARMING LAND FOR SALE
Location: 4 KM from Jain Mandir Hastinapur, Back side of Dreptigat, Jalalpur-Kanda Road, Hastinapur
• Suitable for farming and agricultural use
• Good road frontage
• Prime location
For Sale / More Details: 09056465106

रिहायशी

बिकाऊ, MDA अबूलेन- 150, गज 1st फ्लोर, 3BHK फ्लैट, प्राइम लोकेशन, माधव रोड, ... पार्क, ... कंकरखेड़ा, मेरठ, संपर्क करें +917599714277

मेडिकल

सैक्स संबंधी

शीघ्रपतन सेक्स समस्याएँ अंग का छोटापन ... हाशमी दवाखाना अमरोहा-UP 9997782987 9720858747

सूचना

आम सूचना

सूचना सम्पत्ति मौहल्ला ... मुजफ्फरनगर क्षेत्रफल 105 ... बैनामा बही नं.-1, जिल्द 3563/3570 Ad पृष्ठ 37/303-308, क्रमांक 1332 दिनांक 02.03.1993 ... बैनामा बही नं.-1, जिल्द 2636 पृष्ठ 237-258, क्रमांक 5190, दिनांक 17.06.2008 ... प्रकाशन के 15 में न देने पर ... 9319413280

I, Azeem Chaudhary, hereby declare that my original B.Com Migration Certificate issued by Sam Higginbottom University, was lost on 25-Oct-2026. Enrolment No.: G-1145301066. Add: Mohallah Halwaiyan, Kiratpur, Bijnor.

बैनामा प्लॉट-नं 148 ए, ... मेरठ ... जिल्द 9708, पृष्ठ 239 से 254 क्रमांक 11991, दिनांक 12.08.2026 ... गुम हो गया है। अशोक कुमार अरोड़ा 14/01/79, सेक्टर 03, ... मेरठ। फोन 9411819731

व्यक्तिगत

मेरी हाईस्कूल परीक्षा वर्ष-2019 अनुक्रमांक संख्या 0517661 प्रमाणपत्र ... खो गए हैं ...

मैं अपने पुत्र ... को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं ...

पहले मेरा नाम (Irsad Ahmad Ansari S/o Shakeel Ahmad Ansari) था, अब मेरा नाम Irshad Ahmad S/o Shakeel निवासी मौहल्ला लैन अफ्गानिस्तान कस्बा व थाना कैराना जिला शामली है।

पहले मेरा नाम (Ruksana Begum) था, अब मेरा नाम (Rukshana Begum) पत्नि Irshad Ahmad निवासी मौहल्ला लैन अफ्गानिस्तान कस्बा व थाना कैराना जिला शामली है।

I have changed my name from MUSHEIRI to MUSHERI S/O MOHAMMAD ANWAR, R/O MOHALLA LAL SARAI, NAGINA (BIJNOR) UTTAR PRADESH-246762. Be known my new name in future. MUSHERI S/O MOHAMMAD ANWAR Resi Mohalla Lal Sarai Nagina.

मैंने अपने पुत्र का नाम अभिनव शर्मा से बदलकर अभिराज शर्मा रख दिया है। आगे उसे इसी नाम से जाना जाए। संदीप शर्मा पुत्र रामभूल शर्मा, ग्राम-खानपुर ... मेरठ।

मेरी हाईस्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 25165539 की अंकतालिका मय प्रमाणपत्र कालाफ में खो गई है। ... कुमार पुत्र श्री ... कुमार, ... बिजनौर

अपने शहर की हर खबर amarujala.com पर

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है किसी विज्ञापन पर किसी भी प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में अपनी पूरी तरह जांच पड़ताल कर लें। यह समाचार पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता या विज्ञापन दाता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापन दाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है कि कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले विज्ञापन के बारे में पूर्ण जांच पड़ताल कर लें तब आगे बढ़ें। समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के बारे में किसी पाठक के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

खबरें पढ़िए मोबाइल पर amarujala.com

अमर उजाला
यदि आपको अमर उजाला की प्रति नियमित या समय से नहीं मिल रही है तो कृपया टोल फ्री नंबर या ई-मेल के माध्यम से हमें बताएं। हम शीघ्र ही उसे समय से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।
अपना अखबार शुरू करवाने के लिए संपर्क करें
1800 121 1166 सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक
circulation@amarujala.com

Medical Helpline
(रजिस्टर्ड)
सैक्स समस्याएं शर्माये नहीं संपर्क करें
(सेक्स टाईम बढ़ाये)
जोश उत्साह एवं शक्ति-वर्धक
शीघ्र पतन और धात जड़ से खत्म
आयुर्वेदिक (रामबाण दवा) (14 जड़ी बूटियों का मिश्रण)
डॉ. गीता 9958978890

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank — अनडिलिवर्ड डिमांड नोटिस

(सरफेसी अधिनियम प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित शासन 2002 नियम 3 के साथ)

आप सभी को इस वैकल्पिक सेवा के अलावा पूर्व में जारी सूचनाओं के सुपर्द हुए बिना वापस आने के बाद, मैं जमानती लेनदार बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में यह सूचना जारी करता हूं। अतः आप सभी निम्न वर्णित ऋर्णियों/गारंटरों को एतद्‌द्वारा सूचित किया जाता है और सरफेसी अधिनियम प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के धारा 13(2) के नियम 3 के अन्तर्गत सार्वजनिक मांग सूचना जारी की जाती है। ताकि आप सभी अपने पक्ष में निम्न वर्णित बकाया का भुगतान इस प्रकाशन के उपरांत 60 दिनों के अंदर करें। कृपया यह नोट करें कि यदि आप मांगी गई सम्पूर्ण राशि का 60 दिनों के अंदर भुगतान नहीं करते है तो बैंक उक्त अधिनियम के धारा 13(4) के तहत ऋण खाते में बंधक सम्पत्ति/सम्पत्तियों पर कब्जा करने की प्रक्रिया आरंभ करेगा और उसके बाद उक्त अधिनियम के तहत बकाया सहित बकाया देनदारी की वसूली के लिए उसे बेचेगा। बकाया देनदारी की वसूली के लिए बैंक के पास उपलब्ध सुविधाओं से पक्षपात किए बिना आप सभी के विरुद्ध निम्न सूचनाएं जारी की जाती है। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता हैं

क्र. सं.	ऋणी/बंधककर्ता/गारन्टर के नाम	प्रतिभूति/सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना तिथि एवं बकाया राशि
1.	शाखाः लालकुर्ती, मेरठ (404900) 1. श्री रविंद्र कुमार पुत्र श्री धर्मवीर **(ऋणी एवं बंधककर्ता)**, पता 1. प्लॉट नंबर 30, शिवपुरम, मोहकमपुर, आई.ई. परतापुर, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250103। पता 2. 717/50, गली नंबर 03, न्यू सैनिक कॉलोनी, कंकरखेड़ा, मेरठ। पता 3. फ्लैट नंबर 2-ए, द्वितीय तल, शेई साईं उपवन अपार्टमेंट, आनंद निकेतन कॉलोनी, पिलना सोफीपुर, रुड़की रोड, मेरठ। पता 4. सैन्स स्पेयरिल्स ग्रीनलैंड्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 1250, गंगोल रोड, परतापुर, मेरठ-250002। **2.** श्रीमती पूजा पत्नी श्री रविंद्र कुमार **(सह-ऋणी एवं बंधककर्ता)**, पता 1. प्लॉट नंबर 30, शिवपुरम, मोहकमपुर, आई.ई. परतापुर, मेरठ, उत्तर प्रदेश-250103। पता 2. फ्लैट नंबर 2-ए, द्वितीय तल, शेई साईं उपवन अपार्टमेंट, आनंद निकेतन कॉलोनी, पिलना सोफीपुर, रुड़की रोड, मेरठ।	बंधक एक आवासीय फ्लैट नं0 2ए, जो द्वितीय तल पर श्री साईं उपवन आवासीय अपार्टमेंट, तहसील एवं जिला मेरठ मे स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 51.67 वर्ग मीटर है, श्री रविंद्र कुमार पुत्र श्री धर्मवीर एवं श्रीमती पूजा पत्नी श्री रविंद्र कुमार के नाम पर है। जिसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं- पूर्वः दरवाजा, साझा रास्ता एवं सीढ़ियां, पश्चिमः फ्लैट का शेष भाग, उत्तरः फ्लैट नंबर 03, दक्षिणः सामने का खुला सेट बैक। नोटः उपरोक्त संपत्ति का विवरण उप-निबंधक प्रथम, मेरठ के कार्यालय में दिनांक 18.02.2021 को क्रमांक 1881, बही संख्या 1, जिल्द संख्या 13809, पृष्ठ संख्या 221 से 248 पर पंजीकृत विक्रय विलेख के अनुसार है।	आपको दिनांक **14.10.2026** को जारी सरफेसी 13(2) का नोटिस जिसमें रू0 **14,50,788.74** दिनांक 30.09.2026 साथ प्रभावी ब्याज एवं अन्य खर्चे भुगतान करने को कहा गया था जो पंजीकृत डाक द्वारा भेजा गया था जो कि अप्राप्त वापस आ गया **एनपीए की तिथि : 30.09.2026**
2.	शाखाः मोदीपुरम (पावली खास), मेरठ (090200) 1. श्री राज कुमार पुत्र इंद्रजीत पाल **(ऋणी/बंधककर्ता)**, पता (1) मकान नंबर 145, मोहल्ला आदर्श नगर, ग्राम डांटल, कंकरखेड़ा, मेरठ-250002। मोबाइल नंबर-8923340934। पता (2) ढिंढाला, मोहिउद्दीनपुर, मेरठ-250001। **2.** श्री हरिओम पुत्र श्री राजकुमार **(सह-ऋणी)**, पताः मकान नंबर 145, मोहल्ला आदर्श नगर, ग्राम डांटल, कंकरखेड़ा, मेरठ-250002। मोबाइल नंबर-8630636407। पता (2). ढिंढाला, मोहिउद्दीनपुर, मेरठ-250001। मोबाइल नंबर-8630636407।	बंधक सम्पत्ति के सभी भाग व भूखंड, खसरा नंबर 77 के हिस्से पर स्थित, मकान नंबर 145, जिसका क्षेत्रफल 167.22 वर्ग मीटर है, मोहल्ला आदर्श नगर, खिरवा रोड, ग्राम डांटल, तहसील एवं जिला मेरठ-250001 में स्थित है। संपत्ति श्री राजकुमार के नाम पर है। विलेख के अनुसार इसकी सीमाएं निम्न हैं- पूर्वः 33 फीट 4 इंच, उसके आगे 32 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिमः 33 फीट 4 इंच, उसके आगे सीताराम का मकान, उत्तरः 54 फीट, उसके आगे प्रमोद का मकान, दक्षिणः 54 फीट, उसके आगे ब्रजपाल सिंह का मकान।	आपको दिनांक **09.10.2026** को जारी सरफेसी 13(2) का नोटिस जिसमें रू0 **35,39,912.89** दिनांक 26.09.2026 साथ प्रभावी ब्याज एवं अन्य खर्चे भुगतान करने को कहा गया था जो पंजीकृत डाक द्वारा भेजा गया था जो कि अप्राप्त वापस आ गया **एनपीए की तिथि : 26.09.2026**

दिनांक– 31.10.2026 प्राधिकृत अधिकारी